वजूद को दरकिनार कर देता है तथा धर्म सर्वोपरि हो जाता है | भारतीय समाज में निम्न वर्ग विभिन्न अंतर्विरोधों से युक्त है अभिजात वर्ग धर्म के नाम राजनीति करते है तथा वोट के लिए उनका प्रयोग करते है भारतीय में उनकी स्थिति केवल वोट बैंक भरने के लिए है | शानी धर्म पर भी खुल कर व्यंग्य करते है तथा उनकी स्थिति का मुख्य कारण वह धर्म में व्याप्त अन्तर्विरोध को ही बताते है | शानी हिंदी के ऐसे लेखक है जिन्होंने अपने साहित्य में आदिवासी एवं स्त्री को भी जगह दी यदि देखे तो उनके साहित्य का समाज हाशिये का समाज है | वह समाज को समाज में विभिन्न समस्याओं से जूझ रहा है | उनका मुस्लिम समाज छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले का एक क़स्बा है जो शहर से दूर अपनी समस्या से जूझ रहा है वो मुस्लिम निम्न वर्ग जो दो वक्त की रोटी के लिए भी हर दिन जूझता है यह बेबसी 'रहीम चाचा', 'नंगे', 'चहल्लुम' में उभर कर आती है | वह समाज में व्याप्त दोहरी मानसिकता का भी दिखाया है जहाँ व्यक्ति आधुनिकता एवं रूढ़िवादी मानसिकता जूझता रहता है | शानी का मुस्लिम समाज हाशिये का समाज है जहाँ वह विभिन्न समस्यायों से प्रतिदिन जूझ रहा है. उसके दशा बहुत ही दयनीय एवं मार्मिक प्रतीत होती है.

विषय सूची

1. हिन्दी ललित निबन्ध का उद्‌भव और विकास 2. हजारीप्रसाद द्विवेदी और विद्यानिवास मिश्र के ललित निबंधों में सौंदर्य - बोध 3. हजारीप्रसाद द्विवेदी और विद्यानिवास मिश्र के ललित निबंधों में परम्परा और आधुनिकता 4. हजारीप्रसाद द्विवेदी और विद्यानिवास मिश्र के ललित निबंधों में सांस्कृतिक चिंतन 5 हजारीप्रसाद द्विवेदी और विद्यानिवास मिश्र के ललित निबन्धों की भाषा । उपसंहार। संदर्भ ग्रंथ सूची ।

38. जाँगिड़ (**नीलम**)

स्त्री रचित यात्रा-वृत्तांतों का स्त्रीवादी अध्ययन

निर्देशक : डॉ. विदित अहलावत

Th 29055

सारांश

'स्त्री रचित यात्रा-वृत्तांतों का स्त्रीवादी अध्ययन' विषयक शोधप्रबंध के पहले शोधाध्याय 'हिंदी में यात्रा शब्द की व्युत्पत्ति अर्थ और परिभाषा। शोधप्रबंध के दूसरे शोधाध्याय 'हिंदी में स्त्रीवाद की अवधारणा, स्वरूप और परंपरा' में 'स्त्रीवाद' शब्द के व्युत्पत्तिगत अर्थ और परिभाषा के साथ-साथ स्त्रीवाद की सैद्धांतिकी के भारतीय और पाश्चात्य संदर्भ की पड़ताल की गई है। 'स्त्रीवाद' शब्द संस्कृत के 'स्त्री' और 'वाद' से मिलकर बना है और यही स्थिति 'नारीवाद' शब्द की है। 'स्त्री' और 'नारी', दोनों संस्कृत शब्द हैं और दोनों एक-दूसरे के पर्याय के रूप में प्रयुक्त होते हैं तथा दोनों ('स्त्री' और 'नारी') भारतीय ज्ञान परंपरा से आए शब्द हैं, लेकिन आधुनिककाल में 'वाद' के रूप में इसकी उपस्थिति पश्चिमी और भारतीय ज्ञान-मीमांसा के सम्मिलित प्रभाव का परिणाम है। शोधप्रबंध के तीसरे शोधाध्याय 'स्त्री रचित हिंदी यात्रावृत्तांत और यात्रावृत्तांतकार' में हिंदी के स्त्री-यात्रा-लेखन क्रमशः स्वतंत्रता पूर्व (सन् 1947 से पहले के), स्वतंत्रता पश्चात् (सन् 1947 से सन् 2001 तक के) और इक्कीसवीं सदी के पहले दशक (सन् 2000 से सन् 2020 तक) परिचय दिया गया है। भारतीय परम्परा 'आत्म' के उद्‌घाटन से परहेज की रही है और कथेतर गद्य में 'आत्म' सर्वाधिक मुखर होता है। आदिकालीन और मध्यकालीन हिंदी साहित्य में रचनाकारों का 'आत्म' अंतःसाक्ष्यों तक सीमित रहा है, तिस पर स्त्री-रचनाकारों के अंतःसाक्ष्य अत्यंत जटिल रहे हैं। शोधप्रबंध के चौथे शोधाध्याय 'हिंदी के स्त्री रचित यात्रावृत्तान्तों का स्त्रीवादी अध्ययन' में यात्रा लेखन की प्रेरणा व यात्रा के उद्देश्य के साथ-साथ यात्रारत स्त्रियों के संकटों का वर्णन किया गया है। इसमें स्त्री और पुरुष की यात्रा के बीच के अंतर को स्पष्ट किया गया है। इसमें उन संकटों और कारणों को चिह्नित किया गया है, जिनका सामना यात्रा के दौरान स्त्री को करना पड़ता है।

यात्रा के लिए जाने वाली स्त्री की सबसे पहली कठिनाई अपने परिवार को अपनी यात्रा के लिए तैयार करना है। इसके लिए अपने परिवार की अनुमति लेना और घर की दहलीज लाँघना है। स्पष्टतः इस यात्रानुमति का सीधा संबंध स्त्री की आयु, स्थिति और सहयात्री से भी है। रमणिका गुप्ता लिखती हैं—"मैं महसूस करती हूँ—स्त्री के लिये यात्राओं का मतलब वही नहीं होता, जो किसी पुरुष के लिए होता है। स्त्री के लिये घर यथास्थितिवाद का प्रतीक है. शोधप्रबंध के पाँचवें शोधाध्याय 'हिंदी के स्त्री रचित यात्रावृत्तान्तों का भाषिक सौंदर्य' में स्त्री यात्रावृत्तांतकारों की लेखन शैली, भाषा-संरचना, शब्द-संरचना, वाक्य-संरचना और वर्णन कौशल की प्रयोगधर्मिता को विश्लेषित किया गया है। निष्कर्षतः 'स्त्री रचित यात्रा-वृत्तांतों का स्त्रीवादी अध्ययन' विषयक उक्त शोधप्रबंध बताता है कि यात्रा का सीधा संबंध बुद्धि के विकास से है, बौद्धिकता से है, रचनात्मक सक्रियता से है। यात्रा की परंपरा ने जागरूक, सक्रिय और रचनात्मक मनुष्य का निर्माण किया है और जागरूक, सक्रिय और रचनात्मक मनुष्यों ने नागरिक समाज का। यात्रारत होना हर तरह के भेद से परे होना है। यात्रारत स्त्रियों ऐसे लोकवृत्त की रचना कर रही हैं, जिसमें स्त्रियाँ अपने अस्तित्त्व और अस्मिता के प्रति जागरूक हों।

विषय सूची

1. हिन्दी में यात्रा साहित्य की अवधारणा : स्वरूप और परंपरा 2. हिन्दी में स्त्रीवाद की अवधारणा स्वरूप और परंपरा 3. हिन्दी के स्त्री रचित यात्रा यात्रावृतांत 4. हिन्दी के स्त्री रचित यात्रा वृतातों का स्त्रीवादी अध्ययन 5 हिन्दी के स्त्री रचित यात्रावृतांतों का भाषिक सौंदर्य । उपसंहार। संदर्भ ग्रंथ सूची ।

39. जेबा (तलत)

विद्यानिवास मिश्र और कुबेरनाथ राय के ललित निबन्धों का तुलनात्मक अध्ययन।

निर्देशिका : डॉ. नीलम कुमारी

Th 29057

सारांश

मिश्र जी और राय जी दोनों ही ललित निबंध परंपरा के प्रतिनिधि ललित निबन्धकारों में हैं। इनमें बहुत अधिक समानताओं के बावजूद कुछ असमानताएँ भी देखने को मिलती हैं। शोध की सभी प्रक्रियाओं में तुलनात्मक शोध भी एक महत्वपूर्ण पद्धति है। 'तुलना' शब्द का सामान्य अर्थ है किन्हीं दो वस्तुओं, व्यक्तियों, सिद्धान्तों, पद्धतियों आदि से साम्य और वैषम्य को ढूंढ़ने का प्रयास करना। तुलनात्मक शब्द से अभिप्राय है किन्हीं दो रचनाओं, लेखकों, काव्यान्दोलनों या किन्हीं अन्य पक्षों को लेकर एक ही भाषा या किन्हीं दो भाषाओं के स्तर पर किया जाने वाला शोध है। अतः इसी तुलनात्मक अध्ययन के माध्यम से इस शोध कार्य में हमने विद्यानिवास मिश्र जी और कुबेरनाथ राय जी के ललित निबन्धों में साम्यता और वैषम्यता का उद्घाटन करने का प्रयास किया है।प्रस्तुत शोध ग्रंथ 'विद्यानिवास मिश्र और कुबेरनाथ राय के ललित निबन्धों का तुलनात्मक अध्ययन' है। जिसे कुल पाँच अध्यायों में विभाजित कर यह शोध कार्य सम्पन्न किया गया है। प्रस्तुत शोध कार्य से आगे आने वाले शोधार्थियों को लाभ होगा। इन ललित निबन्धकारों के ललित निबन्धों के विश्लेषण से पाठक भारतीय संस्कृति की उदात्तता को, लोक-संस्कृति को, अपनी प्रकृति को समझ सकेगा। मानव अपनी भौतिक सुख-सुविधाओं में इतना लीन होता जा रहा है अपनी संस्कृति से, तीज-त्यौहारों से, अपनों से दूर होता जा रहा है, अपने कर्तव्यों को भूल गया है इन ललित निबन्धकारों ने हमें इन स्थितियों से अवगत कराते हुए इस अंधी दौड़ में शामिल होने से बचाने का प्रयास किया है। इस शोध कार्य द्वारा पाठक अपने ज्ञान का विस्तार करेंगे। इस शोध कार्य से पाठक को एक नवीन दृष्टि प्रदान होगा।

विषय सूची

1. निबंध का स्वरूप और हिन्दी निबंध का विकास 2. हिन्दी ललित निबंध का स्वरूप और विकास 3. विद्यानिवास मिश्र : ललित निबंध साहित्य का अध्ययन 4. कुबेरनाथ राय : ललित निबंध साहित्य का अध्ययन 5 विद्यानिवास मिश्र और कुबेरनाथ राय के ललित निबंधों में साम्यता और वैषम्यता। उपसंहार। संदर्भ ग्रंथसूची।

40. तिवारी (आशुतोष)
तुलसी सूर एवं जायसी की नारी विषयक दृष्टि का तुलनात्मक अध्ययन ।
निर्देशक : डॉ. लोकेश कुमार गुप्ता एवं डॉ. आशुतोष कुमार
Th 29058

सारांश

भक्ति साहित्य हिंदी की वह धारा है जिसमें ईश्वर-भक्ति के साथ मानवीय संवेदनाओं का भी गहन चित्रण हुआ। विशेषतः नारी-चरित्र के प्रति दृष्टि तीन प्रमुख कवियों—तुलसीदास, सूरदास और मलिक मोहम्मद जायसी—में भिन्न रूपों में अभिव्यक्त हुई है। तुलसीदास की नारी दृष्टि मर्यादा और धर्माधारित है। रामचरितमानस में नारी गृह-लक्ष्मी और पति की सहचरी के रूप में आदर्श मानी गई है। सीता को पतिव्रत, धैर्य और त्याग की प्रतिमूर्ति बनाकर उन्होंने स्त्री को पूज्य स्थान दिया। यद्यपि तुलसीदास सामान्य स्त्रियों को लेकर कभी-कभी कठोर टिप्पणियाँ भी करते हैं, किंतु उनके काव्य का मूल स्वर स्त्री को मर्यादा और धर्म की धुरी के रूप में प्रतिष्ठित करता है। सूरदास की नारी दृष्टि तुलसी से भिन्न और उदार है। सूरसागर में गोपियों की छवि स्वतंत्र, भावनाशील और आत्मसम्मान से संपन्न दिखाई देती है। वे केवल कृष्ण-भक्त प्रेमिकाएँ नहीं, बल्कि प्रश्न करने वाली और अपने प्रेम को मुखरता से व्यक्त करने वाली साधिकाएँ हैं। राधा यहाँ सर्वोच्च आदर्श हैं, जो प्रेम और भक्ति दोनों की चरम अभिव्यक्ति का प्रतीक बनती हैं। सूरदास ने नारी को लौकिक मर्यादाओं से ऊपर उठाकर भक्ति-पथ की सक्रिय सहयात्री के रूप में चित्रित किया। जायसी की नारी दृष्टि सूफी रहस्यवाद और प्रतीकवाद से परिपूर्ण है। पद्मावत में पद्मावती केवल सांसारिक सौंदर्य का रूप नहीं, बल्कि आत्मा और परम सत्य के रहस्य का प्रतीक हैं। अलाउद्दीन की वासनापूर्ण दृष्टि और रत्नसेन की मर्यादित दृष्टि के बीच पद्मावती नारी की गरिमा और स्वतंत्रता की रक्षा करती हैं। इस प्रकार जायसी स्त्री को सांसारिक आकर्षण और आध्यात्मिक उत्कर्ष दोनों का सेतु मानते हैं। तुलनात्मक रूप से कहा जा सकता है कि तुलसी स्त्री को मर्यादा में प्रतिष्ठित करते हैं, सूरदास उसे प्रेम और भक्ति की स्वतंत्र साधिका बनाते हैं, और जायसी उसे सौंदर्य व रहस्य का प्रतीक मानते हैं। सीता त्याग और धर्म का आदर्श हैं, राधा माधुर्य और भक्ति की साधिका, तथा पद्मावती आत्मा-परमात्मा संयोग की रहस्यात्मक प्रतीक। अतः निष्कर्षतः तीनों कवियों की भिन्न पृष्ठभूमियों के बावजूद स्त्री उनके साहित्य में केंद्रीय और अनिवार्य शक्ति के रूप में प्रतिष्ठित हुई है—कभी धर्म, कभी प्रेम और कभी रहस्य की अधिष्ठात्री बनकर।

विषय सूची

1. मध्यकालीनता की अवधारणा, परिस्थितियाँ एवं नारी 2. तुलसी के काव्य में नारी विषयक दृष्टि 3. सूर के काव्य में नारी विषयक दृष्टि 4. जायसी के काव्य में नारी विषयक दृष्टि 5 तुलसी, सूर, और जायसी के काव्य में नारी विषयक दृष्टि का तुलनात्मक अध्ययन। उपसंहार। संदर्भ ग्रंथ सूची ।

41. नीरज कुमार
हिंदी सिनेमा में दलित जीवन की समस्याओं का चित्रण : 1934 से अब तक।
निर्देशक : प्रो. अश्वनी कुमार
Th 29062

सारांश

यह शोध प्रबंध हिंदी सिनेमा में दलित जीवन की समस्याओं के चित्रण की ऐतिहासिक, वैचारिक और सौंदर्यात्मक यात्रा को **1934** से **2025** तक के परिप्रेक्ष्य में विश्लेषणात्मक ढंग से प्रस्तुत करता है। भारत में जाति आधारित सामाजिक संरचना की जटिलता ने सदियों से दलित समुदाय को सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक रूप से हाशिये पर रखा है। ऐसे में हिंदी सिनेमा—जो भारतीय समाज का प्रतिबिंब और उसके विचारों का संवाहक माना जाता है—ने किस प्रकार दलित जीवन की वास्तविकताओं, संघर्षों और आकांक्षाओं को चित्रित किया है, यह प्रश्न एक अत्यंत महत्वपूर्ण विमर्श का केंद्र बनता है। इस शोध में 'चंडीदास' **(1934)** जैसी प्रारंभिक फिल्मों से लेकर 'फुले' **(2025)** जैसी समकालीन फिल्मों तक के माध्यम से यह देखा गया है कि दलित जीवन के प्रतिनिधित्व में किस प्रकार के रूपांतरण, सीमाएं, विरोधाभास और प्रगतिशील हस्तक्षेप सामने आए हैं। इस शोध में यह पाया गया कि लंबे समय तक हिंदी सिनेमा में दलित चरित्र या तो अनुपस्थित रहे, या उन्हें हाशिये पर रखा गया और जब भी प्रस्तुत किया गया, तो अधिकतर पितृसत्तात्मक, ब्राह्मणवादी दृष्टिकोण के अधीन ही प्रस्तुत किया गया। इस शोध का निष्कर्ष यह है कि हिंदी सिनेमा में दलित जीवन की समस्याओं का चित्रण एक लंबी यात्रा रही है, जो प्रतिकूलताओं, सीमाओं, विरोधाभासों और संघर्षों से होकर गुज़री है। **1930** और **40** के दशक में जहाँ अस्पृश्यता को नैतिक समस्या के रूप में दिखाया गया, वहीं समकालीन सिनेमा में यह समझ विकसित हुई है कि दलित जीवन मात्र एक सामाजिक स्थिति नहीं बल्कि एक सांस्कृतिक पहचान, राजनीतिक दायित्व और सामाजिक चेतना का केंद्र है। अब यह स्पष्ट होता है कि दलित सिनेमा केवल एक श्रेणी नहीं, बल्कि एक दृष्टिकोण है—जो समाज के भीतर छिपे सत्ता-संबंधों, भाषिक हिंसा, सामाजिक बहिष्कार और आर्थिक वर्चस्व को उजागर करता है। यह शोध दलित सिनेमा को एक वैचारिक उपकरण के रूप में देखता है, जो ब्राह्मणवादी वैचारिकी के प्रतिरोध में खड़ा होकर अपनी भाषा, दृश्य और संवेदना के माध्यम से एक समतामूलक सांस्कृतिक परिपाटी की रचना करता है। इस दृष्टिकोण से दलित सिनेमा न केवल दलित समुदाय का आत्म-प्रतिनिधित्व है बल्कि यह समूचे भारतीय समाज को पुनः सोचने, प्रश्न करने और परिवर्तन की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। अतः यह शोध अपने समग्र स्वरूप में हिंदी सिनेमा को एक सामाजिक दस्तावेज के रूप में प्रस्तुत करता है, जो न केवल मनोरंजन का माध्यम है बल्कि सामाजिक न्याय, दलित अधिकार और सांस्कृतिक गरिमा की पुकार भी है। यह शोध इस विचार को पुष्ट करता है कि दलित जीवन की समस्याएं केवल सामाजिक व्यवस्था की विफलता नहीं बल्कि भारतीय सिनेमा की नैतिक ज़िम्मेदारी भी हैं—जिसका निर्वहन तभी संभव है जब सिनेमा की दृष्टि हाशिये की ओर मुड़े और हाशिये को केंद्र में लाकर उसकी आवाज़ को सशक्त रूप से सुनाया जाए।

विषय सूची

1. हिन्दी सिनेमा का ऐतिहासिक विकास और सामाजिक परिप्रेक्ष्य 2. भारतीय सामज व्यवस्था में दलित समाज, साहित्य और सिनेमा 3. हिन्दी सिनेमा में दलित जीवन के चित्रण का अध्ययन 4. हिन्दी सिनेमा में अभिव्यक्त दलित जीवन की समस्याएँ एवं प्रतिरोध 5 हिन्दी सिंनेमा में दलित जीवन के चित्रण का सांख्यिकीय अध्ययन । उपसंहार। संदर्भ ग्रंथ सूची ।

42. भगत (भूपेन्द्र कुमार)

औपनिवेशिक ज्ञान-मीमांसा और प्रारंभिक हिंदी-साहित्येतिहास-लेखन की दृष्टियाँ (जॉर्ज ग्रियर्सन और आचार्य रामचंद्र शुक्ल के विशेष संदर्भ में) ।

निर्देशक : डॉ. राजीव कुमार कुँवर एवं डॉ. अल्पना मिश्रा

Th 29065

सारांश

मेरे शोध-प्रबंध का विषय "औपनिवेशिक ज्ञान-मीमांसा और प्रारंभिक हिंदी-साहित्येतिहास-लेखन की दृष्टियाँ" (जॉर्ज ग्रियर्सन और आचार्य रामचंद्र शुक्ल के विशेष संदर्भ में) है। हिंदी साहित्य का आधुनिक काल पुनर्जागरण अथवा नवजागरण का काल है, जो भारतीय और पाश्चात्य सांस्कृतिक मूल्यों के परस्पर संघर्ष और संक्रमण का समय रहा। यह संघर्ष साहित्य के साथ-साथ ज्ञान की विभिन्न विधाओं में भी प्रकट होता है। इस युग के विद्वानों ने आधुनिकता को अपनाते हुए भारतीय संस्कृति और उसकी चिंतन-परंपराओं से संवाद स्थापित किया, जो सामाजिक, राजनैतिक और साहित्यिक सभी रूपों में दिखाई पड़ता है। हिंदी साहित्य का इतिहास भी इस प्रक्रिया से अछूता नहीं रहा। भारतीयों ने आधुनिक ज्ञान-संसाधनों का प्रयोग अपने वर्ग-हित में जहाँ भारत के सामाजिक और वैचारिक उन्नयन के लिए किया, वहीं ब्रिटिश सत्ता ने इनका उपयोग अपने वर्ग-हित के अनुरूप अपनी हुकूमत सुदृढ़ करने के लिए किया। हिंदी साहित्य का प्रारंभिक इतिहास-लेखन इसका प्रमाण प्रस्तुत करता है। एक ओर जॉर्ज ग्रियर्सन अपनी कृति "द मॉडर्न वर्नाकुलर लिटरेचर ऑफ हिंदुस्तान" **(1888)** में आधुनिक ज्ञान-संसाधनों का उपयोग कर सभ्यतागत एवं पांथिक श्रेष्ठता सिद्ध करने में प्रवृत्त दिखाई देते हैं। यद्यपि उनका इतिहास आधुनिक और वैज्ञानिक पद्धति से लिखा गया है, पर काल-विभाजन, नामकरण तथा कवियों की विवेचना आदि में यह पांथिक एवं वैचारिक श्रेष्ठताबोध स्पष्ट रूप से परिलक्षित होता है। दूसरी ओर आचार्य रामचंद्र शुक्ल का "हिंदी साहित्य का इतिहास" **(1928)** उसी कालखंड का इतिहास होते हुए भी आधुनिक वैज्ञानिकता और भारतीय परंपरा से प्राप्त भारतीयता का सहअस्तित्व प्रस्तुत करता है। उनके इतिहास में काल-विभाजन, नामकरण, उद्भव-संबंधी मत तथा कवि-विवेचनाओं में यह समन्वय स्पष्ट रूप से दिखलाई पड़ता है। अतः निष्कर्षतः ग्रियर्सन की दृष्टि आधुनिक होते हुए भी औपनिवेशिक है, जबकि शुक्ल की साहित्येतिहास-दृष्टि औपनिवेशिक नहीं है उसमें आधुनिकता और भारतीयता का अखंड वैचारिक समन्वय दिखलाई पड़ता है।

विषय सूची

1. इतिहास, इतिहास - दर्शन और इतिहास - दृष्टि 2. साहित्येतिहास - दर्शन और साहित्येतिहास दृष्टि 3. औपनिवेशिक - विमर्श और प्रारंभिक हिन्दी - साहित्येतिहास - लेखन की दृष्टियाँ 4. औपनिवेशिक - विमर्श और जॉर्ज प्रियर्सन के साहित्येतिहास - लेखन की दृष्टि 5 औपनिवेशिक - विमर्श और आचार्य रामचन्द्र शुक्ल की साहित्येतिहास लेखन की दृष्टि । उपसंहार। संदर्भ ग्रंथ सूची।

43. मनीषा

ओमप्रकाश वाल्मीकि के साहित्य में चित्रित सामाजिक-सांस्कृतिक अंतर्विरोध।

निर्देशक : प्रो. कपिल देव प्रसाद निषाद एवं प्रो. विनोद तिवारी

Th 29066

सारांश

ओमप्रकाश वाल्मीकि का सम्पूर्ण साहित्य दलित जीवन के संघर्ष व यथार्थ का सजीव अंकन है। भारतीय समाज में व्याप्त सामाजिक और सांस्कृतिक अंतर्विरोध उनकी रचनाओं में जगह-जगह दिखाई पड़ते हैं। ये अंतर्विरोध उसी सामाजिक व्यवस्था की देन हैं, जहाँ प्रत्यक्ष रूप में तो समानता और समरसता का हवाला दिया गया है, लेकिन व्यवहारिक रूप में यहाँ जातिगत भेदभाव और असमानता आज भी व्यक्ति को घेरे हुए है।ओमप्रकाश वाल्मीकि ने अपने साहित्य में चित्रित किया है कि भारतीय समाज दलितों को बराबरी और न्याय देने का दावा तो करता है, लेकिन व्यावहारिक रूप से उन्हें सम्मान और अधिकार न दिए जाने की पूरी कोशिश भी करता है। इसलिए भारतीय समाज के इस दोहरे चेहरे को उनकी

आत्मकथा, कविता और कहानियों में बे-नक़ाब कर उसकी वास्तविकता से परिचित कराया गया है। इसी प्रकार से, भारतीय संस्कृति जो 'वसुधैव कुटुंबकम' जैसे आदर्श मूल्य को अपनाते हुए सभी को साथ लेकर चलने की बात करती है, उसी संस्कृति में दलितों को निरंतर हाशिए का जीवन जीने के लिए विवश होते देखा जाता है। इसलिए भारतीय संस्कृति ओमप्रकाश वाल्मीकि के लिए केवल ठगने और लूट-खसोट की संस्कृति रही है। ओमप्रकाश वाल्मीकि का साहित्य इसी तरह के सामाजिक-सांस्कृतिक अंतर्विरोधों का यथार्थ चित्रण करता है।

विषय सूची

1. भारतीय समाज की संरचना व अंतर्विरोध 2. दलित साहित्य : अवधारणा, उद्‌भव और विकास 3. ओमप्रकाश वाल्मीकि के काव्य में चित्रित सामाजिक - सांस्कृतिक अंतर्विरोध 4. ओमप्रकाश वाल्मीकि के कथा साहित्य में चित्रित सामाजिक - सांस्कृतिक अंतर्विरोध 5 ओमप्रकाश वाल्मीकि के वैचारिक गद्य में अभिव्यक्त अंतर्विरोध । उपसंहार। संदर्भ ग्रंथ सूची ।

44. माधवी

उत्तरमध्यकालीन काव्य और हिन्दी आलोचना : एक समीक्षात्मक अध्ययन।

निर्देशिका : प्रो. प्रीति प्रकाश प्रजापति

Th 29067

सारांश

उत्तर मध्यकालीन काव्य के अनुशीलन के पुनर्मूल्यांकन का द्वार अब खुल चुका है। उत्तर मध्यकालीन काव्य के अनुशीलन की दिशा, आवश्यकता और संभावना को दृष्टिपात करते हुए, कोरी भावुकता से मुक्त होकर अध्ययन करने की आवश्यकता है। तर्क बुद्धि, विश्लेषण के आधार पर उत्तर मध्यकालीन काव्य का नवमूल्यांकन ही उपयोगी हो सकता है इसी पद्धति पर चलकर अनुशीलन के नए आयाम निकलकर सामने आएंगे। उत्तर मध्यकालीन काव्य जब्दी हुई मनोवृति का काव्य कतई नहीं है। इस युग में कला, साहित्य, संगीत, चित्रकला, स्थापत्य जिस ऊंचाई पर पहुंचा है, जरूरत है नए सिरे से,नई भाव दृष्टि से इसका विवेचन विश्लेषण की आवश्यकता है जिससे उत्तरमध्यकालीन काव्य को नए अर्थबोध के साथ पढ़ा जाए । उतर-मध्यकालीन काव्य में सभी पक्षों के अध्ययन के बाद कह सकते हैं कि यह काल साहित्य की अमूल्य धरोहर है। इसमें जीवन से छनकर आए हुए सामाजिक सरोकार हैं। अगर परंपरावादी चश्मे को उतारकर देखा जाए तो नवीन दृष्टिकोण से पुनर्मूल्यांकन आवश्यक है । आधुनिक काल में उत्तर मध्यकालीन काव्य को प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप से विभिन्न प्रकार के आरोप- प्रत्यारोपण का केंद्र बनाने का उपक्रम चलता रहा है। वर्तमान में भी यह सिलसिला लगातार चल रहा है किंतु इस प्रकार की निराधार आरोपों से उत्तर मध्यकालीन काव्य की सर्वोउत्कृष्टता को कम नहीं किया जा सकता है क्योंकि लगभग दो सौ वर्षों की दीर्घ कलावधि में विषयगत और रूपगत विविधताओं का जैसा सामंजस्य यहां स्थापित हुआ वैसा समूची हिंदी साहित्य में अभी तक नहीं देखा गया है। इन्हीं तथ्यों के आधार पर उत्तरमध्यकालीन काव्य की आलोचनात्मक दृष्टि का मूल्यांकन किया गया है जिससे उत्तर मध्यकालीन काव्य से जुड़ी हुई विभिन्न भ्रांतियों तथा आक्षेपों का निराकरण करने का प्रयास किया गया है।

विषय सूची

1. उत्तरमध्यकालीन काव्य की पृष्ठभूमि एवं स्वरूप 2. उत्तरमध्यकालीन काव्य संबंधी विभिन्न आलोचनात्मक दृष्टियाँ 3. उत्तरमध्यकालीन काव्य मूल्यांकन की समस्या 4. उत्तरमध्यकालीन काव्य का पुनर्मल्यांकन 5 स्त्री विमर्श के आलोक में उत्तरमध्यकालीन काव्य का मूल्यांकन । उपसंहार। संदर्भ ग्रंथ सूची ।

45. मीना (निशा बाई)
प्रमुख हिंदी उपन्यासों में आदिवासी स्त्री संघर्ष के विविध आयाम।
निर्देशिका : प्रो. संगीता गुप्ता एवं प्रो. अल्पना मिश्रा
Th 29070

सारांश

स्त्रियों के संघर्ष पर जब बात करते हैं तो आदिवासी स्त्री भी आती है जो समाज के हिसाब से स्वछंद और निर्भीक है, पर पास से जा कर देखें तो वह बहुत सारी परम्पराओं और रिवाजों में दबी-उलझी दिखाई देती है। वह अपने ही समाज में पहचान के संकट से जूझ रही है,अपनी संस्कृति,पहनावे और बोलचाल की भाषा को छोड़ कर उसे बाहरी समाज में आना पड़ता है। उसकी यह संस्कृति सिर्फ झांकियों तक ही सिमित होती जा रही है। यह विषय आज इसलिए और भी प्रासंगिक हो जाता है क्यूंकि बढ़ते बाजारवाद,शहरीकरण के दौर में आदिवासी स्त्री अपनी संस्कृति और परम्पराओं के साथ ताल-मेल नही बिठा पा रही है। एक तरफ गाँव देहात है तो दूसरी तरफ शहर की चकाचौंध, इनके बीच में है ओढने-पहनने का चुनाव, और साथ ही खान-पान का चुनाव। बाहरी समाज में फिट बैठने के साथ ही अपने समाज में भी कई परम्पराओं और कुरीतियों के साथ संघर्ष है, जिनके बारे में मैंने अपने इस शोध विषय में पर्याप्त चर्चा की है, और इसीलिए इस विषय का चुनाव किया है।

विषय सूची

1. आदिवासी समाज का स्वरूप और संरचना 2. आदिवासी संस्कृति और साहित्य में स्त्री 3. प्रमुख हिन्दी उपन्यासों में आदिवासी स्त्री के संघर्ष 106-144 4. आदिवासी स्त्री जीवन के विविध पहलू 5 आदिवासी स्त्री : नयी दिशाएँ और बदलाव । उपसंहार। संदर्भ ग्रंथ सूची ।

46. मौर्य (प्रतीक कुमार)
रीतिकालीन वीरकाव्यों में इतिहास और राजनीति।
निर्देशक : प्रो. समरेन्द्र कुमार
Th 29071

सारांश

हिंदी साहित्येतिहास के उत्तर मध्यकाल को रीतिकाल की संज्ञा दी जाती है। आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने इसका समय संवत् 1700 से 1900 वि० (1643 ई० से 1843 ई०) तक माना है। भारत में राजनीतिक इतिहास की दृष्टि से यह समय मुगल काल से जुड़ा है। 200 वर्षों के इस विस्तृत कालखंड में विभिन्न वर्ण्य-विषयों को लेकर साहित्य सृजन हुआ। इस काल में ऐसे काव्य की रचना हुई जिसका संबंध तत्कालीन राजसत्ता से है। इन काव्यों में हमें तत्कालीन इतिहास और राजनीति की झलक दिखाई पड़ती है। इतिहासकारों ने इनमें मौजूद ऐतिहासिक तथ्यों को नजर अंदाज किया, जिसकी वजह से काफी मात्रा में यह सामग्री उपेक्षित रही। इन काव्य-कृतियों में कल्पना का मिश्रण होने के कारण इतिहासकार इसे संदिग्ध मानते हैं। उनके अनुसार इनमें घटनाओं को अतिशयोक्ति के रूप में प्रस्तुत किया गया है। कुछ आधुनिक इतिहासकारों जैसे- सतीश चंद्र, हरबंस मुखिया आदि ने कुछ ऐतिहासिक काव्यों का इतिहास के संदर्भ में प्रयोग किया है। इस काल में वीरतापरक काव्य लिखने वाले केशव, भूषण, गोरेलाल, मानसिंह, श्रीधर, सूदन और पद्माकर जैसे कवियों की ऐतिहासिक रचनाओं का विश्लेषण इतिहासकारों द्वारा नहीं किया गया है। हिंदी साहित्य के इतिहास पर नजर डालें तो वहाँ भी रीतिकालीन कविता को दरबारी तथा घोर श्रृंगारिक बताकर उसका उसी रूप में मूल्यांकन किया गया तथा ऐतिहासिक वृत्तों को आश्रयदाताओं की प्रशंसा कहकर उसका ऐतिहासिक और राजनीतिक परिप्रेक्ष्य में गंभीर विवेचन करने का प्रयास नहीं किया गया। उत्तर मध्यकालीन कविता का अध्ययन तत्कालीन इतिहास और राजनीति के

संदर्भ में कई नए तथ्यों को सामने ला सकता है। इस काल की कविताओं की पृष्ठभूमि से स्पष्ट हो जाता है कि किसी भी समय का साहित्य अपने युग से निरपेक्ष नहीं हो सकता है। वह युगीन परिस्थितियों व संदर्भों से प्रेरित होकर रूप तथा आकार ग्रहण करता है। तत्कालीन सामाजिक, राजनीतिक, धार्मिक और आर्थिक परिस्थितियाँ उसे दूर तक प्रभावित करती हैं। इस युग की अधिकांश कविता केंद्रीय सत्ता से संबंधित न होकर क्षेत्रीय शक्तियों से संबंधित है। दरबारों में रहते हुए इन कवियों ने केंद्रीय सत्ता और क्षेत्रीय शक्तियों के गठजोड़ एवं संघर्ष को देखा एवं महसूस किया। इसी देखे हुए सच को उन्होंने अपनी रचनाओं में दर्ज किया। ये केवल आश्रयदाताओं की झूठी प्रशंसा मात्र नहीं है। अपितु उनकी इतिहास दृष्टि कितनी प्रखर थी यह उस समय के तत्कालीन इतिहास लेखन और प्रमुख इतिहासकारों द्वारा लिखे गए इतिहास से उसकी तुलना कर जाना जा सकता है। वर्तमान समय में जब साहित्यिक आलोचना अंतर्विषयी दृष्टिकोण को लेकर आगे बढ़ रही है तब रीतिकालीन वीर काव्य का ऐतिहासिक और राजनीतिक अध्ययन अत्यंत आवश्यक हो जाता है। यह अध्ययन साहित्य और इतिहास के संबंधों को स्पष्ट करते हुए यह रेखांकित करता है कि साहित्य न केवल युग का प्रतिबिंब होता है अपितु वह सामाजिक व राजनीतिक चेतना का संवाहक भी होता है।

विषय सूची

1. काव्य, इतिहास और राजनीति : अर्थ, स्वरूप एवं अन्तर्संबंध 2. वीरकाव्य : स्वरूप और विवेचन 3. वीरकाव्य की रचना यात्रा और रीतिकालीन वीरकाव्य 4. रीतिकालीन वीरकाव्यों में इतिहास 5 रीतिकालीन वीर काव्यों में राजनीति । उपसंहार। संदर्भ ग्रंथ सूची ।

47. राजा कुमार
समकालीन स्त्री रचनाकारों की कविता में स्त्री मुक्ति गैरदलित एवं दलित के प्रश्न।
निर्देशिका : प्रो. रजत रानी आर्या
Th 29075

सारांश

समकालीन स्त्री रचनाकारों की कविता में गैरदलित एवं दलित स्त्री- मुक्ति के प्रश्न हिन्दी साहित्य के इतिहास में स्त्री-लेखन न्यून रूप में ही मिलता है। निश्चित ही वर्चस्ववादियों के इतिहास ही लम्बे समय तक चित्रित एवं वर्णित होते रहे। स्त्री-रचनाओं पर कभी 'धार्मिकता', 'साम्प्रदायिकता', कभी 'प्रमाणिकता' तो कभी 'कलात्मक' कसौटी पर खरा न उतरने का आरोप लगा, आरम्भ से ही उन्हें इतिहास में दर्ज करने से रोका जाता रहा। मीरा जैसी 'विद्रोहिणी' कवयित्री जिसने एक साथ पितृसत्ता, धर्मसत्ता और राजसत्ता को डंके की चोट पर चुनौती दी, उसे भी आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने 'हिन्दी साहित्य का इतिहास ' में उचित स्थान न दिया। दिया, 'फुटकल खाता'। नवजागरणकालीन हिन्दी साहित्य में भी स्त्री-लेखन को पूरी तरह विस्मृत कर दिया गया। इतना ही नहीं इतिहास में वर्णित स्त्रियों की भी स्थिति संतोषजनक नहीं मिलती, 'हिन्दी कविता के आदिकाल से लेकर आधुनिक काल के करीब सन् **1975** तक स्त्री अधिकांशतः देवी या देह, इन दो ध्रुवों के बीच ही झूलती रही।' आधुनिककाल के भारतेन्दु और द्विवेदी युग में भी 'स्त्रियां' दो ही रूपों में चित्रित होती रहीं, 'अबला' **(**मां, बहन, बेटी, पत्नी हद से अधिक प्रेयसी या प्रेमिका**)**, या 'सबला'/देवी **(**श्रद्धा, वात्सल्यमयी, ममतामयी, एवं समाज-सेविका के रूप में**)**। इससे इतर स्वतंत्र स्त्रियांे की पहचान पटरी से उतरी स्त्रियों के रूप में की जाती रही अर्थात् व्याभिचारिणी रूप में ही। स्त्रियांे का सम्पूर्ण अस्तित्व और अस्मिता पुरुषों के अस्तित्व और अस्मिता पर ही टिका था। 'पुरुष बिना स्त्री की कोई गति नहीं थी।' हां, दुर्गति अवश्य थी, कभी परित्यक्त, कभी विधवा तो कभी सती स्त्री के रूप में। जहां स्त्रियों के लिए अनेक निषेधाज्ञाएं और वर्जनाएं थीं। स्त्री सर्वदा- पिता-पति-पुत्र के अधीन ही रहने को विवश थी। धर्मशास्त्र**(**मनुशास्त्र**)** कहता भी है**:** 'बाल्ये पितृवंशे तिष्ठेपणि गार्हस्य यौवने। पुत्राणाम् भर्तरी प्रेते न भजेते स्त्री स्वतंत्रताम्।।'

विषय सूची

1. समकालीन कविता की अवधारणा और स्वरूप 2. स्त्री - मुक्ति : चिंतन और चुनौतियां 3. गैरदलित एवं दलित स्त्री कविताः मुक्ति संघर्ष 4. गैरदलित एवं दलित स्त्री कविता : मुक्ति के विविध आयाम 5 गैरदलित एवं दलित स्त्री - कविता : शिल्पगत् विशेषता । उपसंहार। संदर्भ ग्रंथ सूची ।

48. राय (**मुन्ना कुमार**)

महाभारत संदर्भित साठोत्तरी हिन्दी नाटकों का सांस्कृतिक अध्ययन।

निर्देशिका : प्रो. चित्रा रानी एवं प्रो. श्यौराज सिंह बेचेन

Th 29076

सारांश

मेरे शोध का विषय – महाभारत संदर्भित साठोत्तरी हिन्दी नाटकों का सांस्कृतिक अध्ययन है। इस शोध कार्य को पाँच अध्यायों में विभाजन किया गया है। **1960** के बाद, भारत में सामाजिक, राजनीतिक आदि कारणों से तत्कालीन समाज के भाव-बोध में परिवर्तन देखने को मिलने लगता है। पौराणिक कथानकों को आधार बनाकर साठोत्तरी नाटककारों ने तत्कालीन समाज की स्थिति का चित्रण यथार्थवादी दृष्टिकोण से किया है। आधुनिक हिंदी नाटककारों ने अपनी रचनाओं के लिए पौराणिक कथाओं को आधार बनाया है, लेकिन उनका प्रमुख उद्देश्य इन कथाओं के माध्यम से आधुनिक संवेदना को व्यक्त करना रहा है। उन्होंने महाभारत जैसे ग्रंथों के पात्रों को मनोवैज्ञानिक और संवेदनशील धरातल पर पुनः रचा है, जिससे ये पात्र अब केवल धार्मिक या पौराणिक नहीं रह जाते, बल्कि आज के समय के मनुष्य की जटिलताओं, संघर्षों और द्वंद्वों को भी व्यक्त करने लगते हैं। नाटककारों ने पौराणिक प्रसंगों को विवेक और तर्क के आधार पर परखा है और उन्हें समकालीन समाज की कसौटी पर कसते हुए आधुनिक जीवन की व्यापकता और विविधता को उनके माध्यम से अभिव्यक्त किया है। इसलिए पौराणिक चरित्र जैसे देवता, नायक या खल पात्र अब किसी अलौकिक आदर्श के प्रतीक न रहकर मानव-सुलभ दुर्बलताओं और संघर्षों से युक्त, अधिक मानवीय प्रतीति देते हैं। उनकी त्रुटियाँ छिपाई नहीं जातीं, बल्कि उन्हें उजागर करके उनके पात्रत्व को और अधिक यथार्थवादी और व्यावहारिक रूप दिया जाता है। इस प्रक्रिया में पौराणिक कथानकों को वर्तमान समय की समस्याओं, भावनाओं और दृष्टिकोणों से जोड़ने का प्रयास किया गया है। उदाहरणस्वरूप, शंकर शेष का नाटक कोमल गांजर लिया जा सकता है, जिसमें गांधारी जैसे पारंपरिक पात्र के माध्यम से आधुनिक स्त्री की गहन भावनाओं को उजागर किया गया है। इसी तरह लक्ष्मीनारायण लाल के नाटक एक और द्रोणाचार्य में द्रोणाचार्य के पात्र को एक मानवीय और व्यावहारिक दृष्टिकोण से प्रस्तुत करते हुए उन्हें वर्तमान युग की परिस्थितियों से जोड़ा गया है।

विषय सूची

1. संस्कृतिः अर्थ और सैद्धांतिकी 2. नाटक का साहित्यिक परिदृश्य 3. महाभारत का सांस्कृतिक एवं साहित्यिक कथात्मक स्वरूप 4. महाभारत केन्द्रित हिन्दी नाट्य लेखन की परंपरा 5 आलोच्य नाटकों का सांस्कृतिक अध्ययन । उपसंहार। संदर्भ ग्रंथ सूची ।

49. राव (**दीपांकर**)

द्रूधनाथ सिंह के कथा साहित्य में सामाजिक यथार्थ।

निर्देशिका : डॉ. विधि शर्मा एवं डॉ. मंजु मुकुल कांबले

Th 29077

सारांश

यह शोध प्रबंध साठोत्तरी पीढ़ी के प्रमुख साहित्यकार दूधनाथ सिंह के कथा-साहित्य में निहित यथार्थ के विविध पक्षों का आलोचनात्मक अध्ययन प्रस्तुत करता है। दूधनाथ सिंह ने अपने लेखन के माध्यम से हिंदी कथा-साहित्य को न केवल नई दिशा दी, बल्कि समाज में व्याप्त राजनीतिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और मानसिक यथार्थ को गहराई से अभिव्यक्त किया। प्रथम अध्याय में यथार्थ की अवधारणा, स्वरूप और उसके विभिन्न दार्शनिक तथा साहित्यिक आयामों जैसे आलोचनात्मक यथार्थवाद और समाजवादी यथार्थवाद का विवेचन किया गया है। द्वितीय अध्याय में साठोत्तरी कहानी आंदोलन की पृष्ठभूमि में दूधनाथ सिंह की कहानियों में परिलक्षित सामाजिक यथार्थ का विश्लेषण प्रस्तुत किया गया है। सपाट चेहरे वाला आदमी से लेकर जलमुर्गियों का शिकार तक उनकी कहानियाँ शहरी जीवन की ऊब, सामाजिक विसंगतियाँ, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी और स्त्री-पुरुष संबंधों की जटिलताओं को उभारती हैं। तृतीय अध्याय में उनके उपन्यासों —नमो अंधकारम्, निष्कासन और आखिरी कलाम —के माध्यम से समाज, राजनीति और सांप्रदायिकता जैसे गंभीर विषयों को यथार्थपरक दृष्टि से प्रस्तुत किया गया है। चतुर्थ अध्याय में समकालीन विमर्शों जैसे दलित, स्त्री, बाजारवाद और सांप्रदायिकता पर उनके साहित्यिक योगदान का विश्लेषण किया गया है। अंतिम अध्याय में उनके कथा-शिल्प, भाषा, संवाद योजना और प्रतीकों के माध्यम से रचना की गहराई को उजागर किया गया है। यह शोध सिद्ध करता है कि दूधनाथ सिंह का कथा-साहित्य सामाजिक यथार्थ का सशक्त दर्पण है, जो पाठकों को न केवल सच से परिचित कराता है, बल्कि उसे बदलने की चेतना भी देता है।

विषय सूची

1.यथार्थ की अवधारणा, स्वरूप और विकास 2. साठोत्तरी हिन्दी कथा साहित्य का परिदृश्य और दूधनाथ सिंह की कहानियों में सामाजिक यथार्थ 3. दूधनाथ सिंह के उपन्यासों का देश - काल एवं सामाजिक यथार्थ 4. समकालीन विमर्श और दूधनाथ सिंह का कथा साहित्य 5 दूधनाथ सिंह का कथा - शिल्प । उपसंहार। संदर्भ ग्रंथ सूची।

50. वर्मा (गौरव)

हिन्दी जाति की सांस्कृतिक एकता के निर्माण में प्रमुख निर्गुण और सगुण भक्त-कवियों के योगदान का अध्ययन।

निर्देशक : प्रो. अनिल राय

Th 29079

सारांश

भारतीय संस्कृति का मूल स्वर धर्म और अध्यात्म से जुड़ा रहा है। मध्यकालीन भारत में जब समाज अनेकानेक जातिगत, भाषागत और प्रांतीय विभाजनों में बँटा हुआ था, तब भक्ति आंदोलन ने सामाजिक एवं सांस्कृतिक एकता की नींव डाली। भक्ति काल के कवियों ने अपनी वाणी द्वारा न केवल ईश्वर के प्रति गहन श्रद्धा जगाई, बल्कि मानवता, प्रेम, भाईचारे और समानता का संदेश देकर सांस्कृतिक चेतना को भी सशक्त किया। हिंदी जाति की सांस्कृतिक एकता का निर्माण किसी एक दिन का परिणाम नहीं था, बल्कि यह उन संतों और कवियों की दीर्घकालीन साधना का फल था, जिन्होंने संकीर्णताओं को त्यागकर मानव मात्र को एक दृष्टि से देखने की प्रेरणा दी। सूर, तुलसी, कबीर, जायसी आदि कवियों ने जनभाषा में लिखकर हिंदी समाज की आत्मा को छुआ और विभिन्न वर्गों, जातियों व सम्प्रदायों को एक सांस्कृतिक सूत्र में बाँधा। भक्तिकालीन कवियों ने निर्गुण और सगुण भक्ति धारा के माध्यम से लोक को सरल भाषा में धर्म, नीति और आदर्श का संदेश दिया। निर्गुण संतों (कबीर, जायसी आदि) ने जाति-पाँति, कर्मकांड और आडंबर का विरोध करके समानता पर बल दिया, वहीं सगुण कवियों सूरदास,

तुलसीदास आदि ने भक्ति और राम-कृष्ण लीला के माध्यम से भारतीय लोकजीवन और संस्कृति को अभिन्न रूप से जोड़ा। इस प्रकार भक्ति साहित्य ने हिंदी जाति को एक ऐसी साझा सांस्कृतिक पहचान दी, जो आज भी प्रासंगिक है। भक्तिकालीन कवियों की यह सांस्कृतिक विरासत आधुनिक युग में भी साम्प्रदायिक सौहार्द, सामाजिक समरसता और राष्ट्रीय एकता के लिए प्रेरणादायी है। इस दृष्टि से उनकी प्रासंगिकता कभी कम नहीं हो सकती।

विषय सूची

1. हिन्दी जाति और सांस्कृतिक एकता 2. मध्ययुगीन भक्ति - आंदोलन और हिन्दी समाज 3. निर्गुण कवियों का संस्कृतिक प्रदेय 4. सगुण भक्त - कवियों का सांस्कृतिक प्रदेय 5 हिन्दी जाति का निर्माण और निर्गुण और सगुण भक्त कवियों द्वारा हिन्दी भाषी जनता की आकांक्षाओं की अभिव्यक्ति । उपसंहार। संदर्भ ग्रंथ सूची ।

51. यादव (आंचल)

हिन्दी दलित लेखक और लेखिकाओं की आत्मकथाओं का तुलनात्मक अध्ययन (1995-2017)।

निर्देशिका : प्रो. मंजु कुमार कांबले

Th 29072

सारांश

आधुनिक हिन्दी गद्य विधा में लोकप्रिय 'दलित आत्मकथाओं'का अपना स्थान है। दलित आत्मकथाएँ एक व्यक्ति विशेष का चित्रण न होकर पूरे समाज का चित्र उकेरती है। आत्मकथा ही एक ऐसी विधा है जिसमें 'स्व' को लेकर 'पर' का चित्रण होता है। दलित आत्मकथाओं में भारतीय समाज की वास्तविक झलक मिलती है। इनमें मानवीय मूल्यों जैसे समता, बंधुत्व, सद्भाव, न्याय आदि को स्थापित करने का प्रयास किया है। वहीं जाति-व्यवस्था के विकराल रूप को जगजाहिर किया है। इन आत्मकथाओं के माध्यम साहित्य को यथार्थ के धरातल से जोड़ा है जिससे साहित्य पारदर्शी हो उठा है। प्रस्तुत शोध-विषय में दलित लेखक एवं लेखिकाओं की आत्मकथाओं का तुलनात्मक प्रविधि से अध्ययन किया गया है, जिसमें हिन्दी दलित आत्मकथाकारों और आत्मकथाओं यथा- ओमप्रकाश कृत 'जूठन', मोहनदास नैमिशराय कृत 'अपने-अपने पिंजरे', प्रो. तुलसीराम कृत मुर्दहिया, सूरजपाल चौहान कृत तिरस्कृत, डॉ. श्यौराज सिंह बैचेन कृत 'मेरा बचपन मेरे कन्धों पर' को शिमल किया है। वहीं दलित लेखिकाओं में कौसल्या बैसंत्री कृत 'दोहरा अभिशाप', सुशीला टाकभौरे कृत 'शिकंजे का दर्द', रजनी तिलक कृत 'अपनी जमीं अपना आसमां, अनिता भारती कृत 'छूटे पन्नों की उड़ान' एवं कावेरी कृत 'टुकड़ा-टुकड़ा जीवन' को शामिल किया गया है। इन आधार ग्रन्थों को सम्मिलित कर उनका अध्ययन एवं विश्लेषण किया गया है। इस शोध-विषय को पाँच अध्यायों में विभाजित किया है। प्रथम अध्याय ''हिन्दी दलित साहित्य : दिशाएँ और पृष्ठभूमि'' के अन्तर्गत चार उपभागों में विभाजित किया है। इसके अन्तर्गत हिन्दी दलित साहित्य की पृष्ठभूमि और विभिन्न परिस्थितियों का वर्णन किया है। वहीं हिन्दी दलित साहित्य में अन्य भाषाओं के दलित साहित्य पर विचार किया है। इसमें डॉ. अम्बेडकर के प्रयासों, स्वतंत्रता पूर्व और पश्चात् दलितों की स्थिति पर प्रकाश डाला गया है। इसमें तत्कालीन समाज की परिस्थितियों और हिन्दीतर भाषाओं में दलित साहित्य की परम्परा का उद्घाटन किया है।

विषय सूची

1. हिन्दी दलित साहित्य : दिशाएँ और पृष्ठभूमि 2. तुलनात्मक अध्ययन का अभिप्रायए स्वरूप और उपादेयता 3. हिन्दी दलित लेखक और लेखिकाओं की आत्मकथाओं में तुलनात्मकता के प्रमुख आधार 4. हिन्दी दलित लेखक और लेखिकाओं की आत्मकथाओं का तुलनात्मक भाषिक विश्लेषण 5 हिन्दी साहित्य में दलित लेखक और लेखिकाओं की आत्मकथाओं में विशिष्टता के प्रमुख बिन्दु । उपसंहार। संदर्भ ग्रंथ सूची ।

52. संगीता

कश्मीर केन्द्रित हिंदी कथा साहित्य में कश्मीरी लेखिकाओं का योगदान।

निर्देशिका : प्रो. मंजू शर्मा

Th 29093

सारांश

साहित्य समाज में फैले अंधकार से लड़कर उत्तम मानवीय मूल्यों को समाज में स्थापित करता है जिससे समाज निरंतर प्रगतिशीलता की ओर बढ़ता रहे। कश्मीर केन्द्रित हिन्दी कथा साहित्य में कश्मीरी लेखिकाओं ने स्त्री की अस्मिता, अस्तित्व, समानता, स्वतंत्रता, पितृसत्तात्मक मानसिकता, स्त्री सुरक्षा, स्त्री उत्पीड़न, छद्म नारीवादिता, विस्थापित लड़कियों के विवाह, कश्मीर के सांस्कृतिक, सामाजिक, राजनीतिक यथार्थ, आतंकवाद, अलगाववाद, निष्कासित हिंदुओं की पीड़ा, आदि अनेक प्रश्नों को अपने साहित्य का केन्द्र बनाया। कश्मीरी महिलाओं व कश्मीरी हिंदुओं की पीड़ा असहनीय है. कई अनसुनी आवाजें, छटपटाहट, बेचैनी, अंतर्द्वद्व, शारीरिक व मानसिक पीड़ा को रचनाकारों ने आमजन तक पहुँचाने का प्रयास किया है, जो सराहनीय है। आतंक की पकड़ इतनी मजबूत है कि उनकी रिहाई की तमाम कोशिशें नाकाम होती रही है. लेकिन उम्मीद सबसे बड़ी ताकत है. हौसला सबसे बड़ा हथियार है। एक दिन निर्वासन की ये बेड़ियां जरूर टूटेंगी और उनकी आवाज को भी अभिव्यक्ति मिलेगी। इसी उम्मीद से आज पेतींस वर्ष पश्चात् कश्मीरी पंडितों का यह बिखरा हुआ समाज फिर से अपनी जीविका कमाकर अपनी भाषा, संस्कृति और अपने अस्तित्व अस्मिता को बचाते हुए शांतिपूर्वक कश्मीर वापस जाने की राह तकता है। एक साझा सांस्कृतिक और सामाजिक जीवन वाले कश्मीर का ध्वंस साहित्यकारों को भावनात्मक रूप से तोड़ता है और इतिहास एवं स्मृति के सहारे वे एक ऐसे कश्मीर की रचना करती है जो कभी सच था, लेकिन अब जिसकी कल्पना भी दुष्कर है। कश्मीर केंद्रित हिंदी साहित्य की लेखिकाएं सजग और विवेक संपन्न है। उन्होने बड़ी निर्भीकता और ईमानदारी के साथ कश्मीर के यथार्थ को बंया किया है व बेबाकी के साथ उन तमाम प्रश्नों की चर्चा की है जो कश्मीर के हित में मील का पत्थर साबित होगी।

विषय सूची

1. कश्मीर का संक्षिप्त इतिहास 2. कश्मीर केंद्रित हिन्दी कथा साहित्य : संक्षिप्त परिचय 3. हिन्दी कथा साहित्य में कश्मीर केन्द्रित हिन्दी कश्मीरी लेखिकाओं का योगदान 4. कश्मीर केंद्रित हिन्दी कथा साहित्य में गैर – कश्मीरी लेख्किाओं का योगदान 5. कश्मीरी व गैर कश्मीरी लेख्किाओं के कथा साहित्य में तुलनात्मक बिन्दु। उपसंहार। संदर्भ ग्रंथ सूची ।

53. साहू (रश्मिता)

स्वातंत्र्योत्तर हिंदी साहित्य में अभिव्यक्त विमुक्त जनजातियों का समाजशास्त्रीय अध्ययन (विशेष संदर्भ - हिंदी उपन्यास और अनूदित आत्मकथा)

निर्देशिका : प्रो. रेखा उप्रेति

Th 29082

सारांश

प्रस्तुत शोध स्वातन्त्र्योत्तर हिन्दी साहित्य में विमुक्त जनजातियों की अभिव्यक्ति का समाजशास्त्रीय अध्ययन है। यह अध्ययन इस मूल तथ्य को स्थापित करता है कि साहित्य केवल सामाजिक यथार्थ का प्रतिबिंब नहीं, बल्कि उसका सृजनात्मक और आलोचनात्मक पुनर्पाठ भी है। औपनिवेशिक काल में आरोपित अपराधीकरण की अवधारणा ने विमुक्त जनजातियों को सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक स्तर पर के रूप में स्थापित किया 'अन्य', जिसकी छाया स्वतंत्रता के पश्चात् भी बनी रही। विधिक विमुक्ति के बावजूद सामाजिक विमुक्ति की प्रक्रिया धीमी और असंतुलित रही, जिसे साहित्य ने गहराई से अभिव्यक्त किया है। यह शोध स्पष्ट करता है कि विमुक्त जनजातियों की सामाजिक स्थिति को केवल गरीबी, अशिक्षा या बेरोज़गारी जैसे सामान्य कारकों से नहीं समझा जा सकता। उनकी अवस्था संरचनात्मक असमानताओं का परिणाम है, जहाँ सामाजिक बहिष्कार, आर्थिक शोषण, राजनीतिक अदृश्यता और सांस्कृतिक अवमूल्यन परस्पर जुड़े हुए हैं। हिन्दी उपन्यासों में उनका सामूहिक संघर्ष, विस्थापन, अस्थिर आजीविका और संस्थागत उत्पीड़न के माध्यम से उभरता है, जबकि आत्मकथात्मक साहित्य

उनके भोगे हुए यथार्थ, मानसिक संघर्ष और आत्मसशक्तिकरण को प्रामाणिक स्वर प्रदान करता है। अध्ययन-संकलन नहीं-यह भी रेखांकित करता है कि आत्मकथा विमुक्त जनजातियों के लिए केवल स्मृति, बल्कि अस्मिता निर्माण और सांस्कृतिक मुक्ति का-माध्यम है। साहित्य विमुक्त जनजातियों की अस्मिता को पहचान के साथसाथ सम्मान-, स्वीकृति और सामाजिक सहभागिता से जोड़ता है। विशेष रूप से विमुक्त जनजातियों की स्त्रियाँ साहित्य में संघर्ष, धैर्य और प्रतिरोध की सशक्त प्रतीक के रूप में सामने आती हैं। भाषा और शिल्प के स्तर पर यह शोध स्थापित करता है कि लोकभाषाओं, प्रतीकों और कथ्य की सादगी के माध्यम से विमुक्त जनजातियों से संबंधित साहित्य हिन्दी साहित्य की सौंदर्यदृष्टि का विस्तार करता है और उसे अधिक लोकतांत्रिक बनाता है। - समग्रतः यह शोध निष्कर्ष निकालता है कि स्वातन्त्र्योत्तर हिन्दी साहित्य में विमुक्त जनजातियों की अभिव्यक्ति भारतीय समाज की नैतिक चेतना को प्रश्नांकित करने वाला एक महत्त्वपूर्ण वैचारिक हस्तक्षेप है, जो एक न्यायपूर्ण, संवेदनशील और समावेशी समाज की दिशा में सार्थक योगदान देता है।

विषय सूची

1. समाजशास्त्रीय अध्ययन : एक परिदृश्य 2. विमुक्त जनजाति की अवधारणा और विविध पक्ष 3. उपन्यास और आत्मकथा में चित्रित विमुक्त जनजातियों के संघर्ष का स्वरूप 4. उपन्यास और आत्मकथा में चित्रित विमुक्त जनजातियों की स्त्रियों का चित्रण 5 विवेच्य उपन्यास और आत्मकथा का शिल्पगत सौंदर्य । उपसंहार। संदर्भ ग्रंथ सूची ।

54. सिंह (अविनाश)

मुक्तिबोध के कथा साहित्य में नैतिक अंतर्द्वन्द्व एवं उसका सामाजिक आशय।

निर्देशक : प्रो. प्रज्ञा

Th 29083

सारांश

नैतिकता मूल रूप से नीति से उत्पन्न हुई है। नीति से नीतिक और इसी का अपभ्रंश नैतिक है। नीति से उत्पन्न भाव नैतिकता कहलाते हैं। नीति एक तरह की विचारधारा है, जिसके अन्तर्गत हमारे सामाजिक ढांचे को मजबूत किया गया। इसमें वह सभी नियमकानून आ जाते हैं-, जो किसी संस्था व राष्ट्र को चलाने के लिए आवश्यक होते हैं। आदिकाल से लेकर आधुनिक काल तक नैतिकता सामाजिक विकास के आनुपातिक क्रम में बढ़ी। परन्तु आधुनिक समाज के बदलते सांस्कृतिक व राजनैतिक परिवेश में, नैतिक मूल्यों का अत्याधिक हास हुआ है। वर्तमान समाज में नैतिकता का गिरता स्तर एक गंभीर सामाजिक समस्या का रूप धारण कर चुका है। अतः इस समस्या को समझने और इसके निराकरण के लिए बहुआयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता है। स्वतन्त्रोपरान्त सामाजिक ढाँचे के साथसाथ मानवीय मूल्यों में अप्रत्याशित परिवर्तन हुआ। संयुक्त परिवार का विघटन-, लघुमानववाद, व्यक्तिनिष्ठ मानसिकता का विस्तार हुआ। लोगों के हाथ खाली रहे, विचार जड़ हो गए। जीवन निर्जीवती व एकांत में कटने लगा। कुण्ठा, अवसाद आत्मालाप, बेरोजगारी, मनुष्य को पशुवत बना दिया। इन्हीं समस्याओं एवं द्वंद्वों की यथार्थ परक अभिव्यक्ति मुक्तिबोध की कहानियों व उपन्यासों में हुई। इन बातों का ख्याल रखते हुए प्रस्तुत शोध में मुक्तिबोध की कहानियों में उपस्थित द्वन्द्व के साथ उनकी निजी जिंदगी के द्वन्द्व, अवसाद, कुण्ठा व जीवन संघर्ष आदि को जोड़कर अध्ययन करने का प्रयास हुआ है। इसके अलावा सामाजिक कुरीतियों, धर्माडम्बर, राजनीतिक चरित्रहीनता के द्वन्द्वांत्मक अन्त्तसम्बन्ध को अच्छे ढंग से व्यक्त किया गया है। यहाँ द्वन्द्वात्मक अन्त्तसम्बन्ध को अच्छे ढंग से व्यक्त किया गया है। यहाँ द्वन्द्वात्मक भौतिकवाद से संपृक्त दृष्टि में मुक्तिबोध की कहानी के विषय को अधिकतर मध्यवर्ग पर केन्द्रित किया है। उनकी लाचारी, बेबसी के कारण उत्पन्न समस्याओं का आलोचनात्मक विश्लेषण करते हुए एक ठोस धरातल पर पहुँचने का प्रयास हुआ है। सम्पूर्ण शोध में मध्यवर्गीय समाज की समस्याओं का निराकरण व उसको सामाजिक प्रासंगिकता का मनोविश्लेषणात्मक विवेचना की गयी है।

विषय सूची

गजानन माध्व मुक्तिबोध व्यक्तित्व एवं कृतित्व 2. हिन्दी कथा साहित्य की पृष्ठभूमि और कथाकार मुक्तिबोध 3. मुक्तिबोध के साहित्य में नैतिक अन्तर्द्वन्द और उसका रचनात्मक वैचारिक एवं सामाजिक आधार 4. मुक्तिबोध के कथा साहित्य में अन्तर्द्वन्द्व के तत्व और उसका सामाजिक परिप्रेक्ष्य 5 मुक्तिबोध के कथा - साहित्य की भाषा एवं शैली। उपसंहार। संदर्भ ग्रंथ सूची ।

55. सुदेश कुमार
तारसप्तक के कवियों की काव्यभाषा का भाषावैज्ञानिक अध्ययन।
निर्देशक : डॉ. सत्येन्द्र प्रताप सिंह
Th 29089

सारांश

कविता एक सम सामयिकतम एवं सार्थकतम अपरिहार्य आवश्यकता है-| अतः उसकी आलोचना भी आवश्यक है परन्तु कविता की आलोचना उठा पटक शैली में नहीं हो सकती-| तारसप्तक काव्यभाषा की एक व्यापक परियोजना है जिसे **1941** में अखिल भारतीय लेखक सम्मलेन में ग्रहण किया गया था | तारसप्तक का प्रकाशन **1943** में हुआ था | पुराने शब्दों में नया एवं व्यापक अर्थ भरें की अनुसंधानात्मक प्रयोग धर्मिता ने **1979** में काव्यभाषा का वह स्वरुप ग्रहण कर लिया कि जिसकी आवश्यकता इसके सम्पादन को **1943** में अनुभव हो गयी थी | उस समय में कविता की भाषा, भाषा से एक शैली का रूप ग्रहण कर लेती है जो समसमयिक आवश्यकता भी थी और नियति भी और परिणाम भी | अस्तु इस काव्यभाषा पर यदि गर्व किया जाए तो अतिरंजना न होगी | तारसप्तक काव्य, काव्यभाषा का एक ऐसा जंगल है, यदि उसमें दूर तक न जाया जाए तो उसकी सुन्दरता की सम्पूर्ण माप असंभव है | और जब भी कोई भाषा में गहरे उतरता है तो निश्चित रूप से उपलब्धियाँ होती हैं | वस्तुतः विषय की अपेक्षा शिल्प की दृष्टि से तारसप्तक के कवि पश्चिम से अधिक प्रभावित हैं | इस प्रकार से हिंदी कविता को एक अंतर्राष्ट्रीय विस्तार देने के सन्दर्भ में तारसप्तक काव्य की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और ऐसे काव्य का भाषा वैज्ञानिक अनुशीलन अपने आप में किसी प्रश्नचिन्ह को शेष नहीं छोड़ता | तारसप्तक काव्य एक विशिष्ट परिवेश में एक विशिष्ट अद्यतन रचना है अस्तु इसके विश्लेषण की भाषा भी एक विशिष्टता से संपन्न होनी चाहिए | आलोचना का यह संश्लेष जो कि सप्तक काव्य की काव्य भाषा की संश्लिष्टता की परतें उधाड़ने में समर्थ हो, उसे उपयोगी ही मानना पड़ेगा | तारसप्तक काव्य का भाषा वैज्ञानिक अध्ययन भाषा विज्ञान में काव्य और काव्य में भाषा विज्ञान की अनुभूति का कौतूहल है | यह काव्यभाषा विज्ञान एक आह्वान है जिसे कि आज का साहित्य विशेष कर आज की कविता अपेक्षा करती है और यदि ऐसा आलोचक **1979** की कविता को प्राप्त हो तो काव्य भाषा की सीमाओं और संभावनाओं को पूर्णता से स्पष्ट करने में सहायता मिल सकती है | ऐसी स्थिति में कविता के लिए सबसे अधिक उपयोगी भाषा विज्ञान होगा और भाषा विज्ञान के लिए सबसे समृद्ध विवेच्य काव्य | हिंदी में तारसप्तक काव्य इस दिशा में मानक स्थापित कर सकता है |

विषय सूची

1. काव्य भाषा : अवधारणा, स्वरूप और उसके उपकरण 2. तारसप्तक के कवियों की काव्य भाषा 3. तारसप्तक की कविताओं का स्वनिमिक विश्लेषण 4. तारसप्तक की कविताओं का रूपात्मक संरचनात्मक विश्लेषण 5 तारसप्तक की कविताओं का वाक्य संरचनात्मक विशलेषण । उपसंहार। संदर्भ ग्रंथ सूची ।

HISTORY

56. BALACHANDRAN (Anu)
Hortatory Texts and Making of a Moral Community: A Study of Kerala (1550-1800).
Supervisor: Dr. Yasser Arafath
Th 29098

Abstract

This thesis is an attempt to analyse a few prominent Vernacular pietistic hortatory texts (which are still popular among the upper -class households of Kerala, and they are purported to encourage its 'readers' to recite its verses in their everyday-lives), in the context of medieval and early medieval Kerala, and how these texts would shape the consciousness of a particular 'Moral community', as well as try to reclaim their perceived losses (which I call disorder/crisis) during the period of 1550-1800 in the context of Kerala. The period between 1550-1800 is very significant; one is the arrival of European powers on the Malabar coast (what we call Kerala at present) and the other is the proliferation of 'vernacular' literature from sixteenth century onwards. Given that the society under the period of the study was a stratified hierarchical with dominant groups traditionally controlling the polity, economy and religious institutions. The coming of the European powers with their imperialistic ambitions as well as the internal chaos among the ruling elites aided by these powers, culminated in bringing 'collateral' changes in every domain of the region. It also affected the social structure of the society. Through the analysis of these pietistic texts as well as taking into accounts other sources, I divide my thesis into four chapters, and explain the ways in which these literati translated the perceived loss that the upper caste community were confronting, as 'disorder/ or crisis' in response to the vicissitudes happening in the polity, economy and society on account of the internal as well as external factors of the sixteenth century onwards.

1. Introduction 2. Tradition, Institution and Morality: Old and New 3. Cantonment to Containment: The Industrialisation and Institutionalisation of Sex Work 80-120 4. Shaping Stigma, Forging Resistance: The Legal History of Sex Work 121-168 5. Conclusion: Post-Colonial Continuities 6. Conclusion.

57. DAS (Samita)
Some Aspects of Sufism in Early Modern Bengal, 1600-1800 CE
Supervisor: Dr. Raziuddin Aquil & Dr. Vipul Singh
Th 29100

Abstract

This dissertation examines the historical evolution and socio-cultural dynamics of Sufism in early modern Bengal between 1600 and 1800 CE, a period that witnessed major political reconfigurations due to consolidation of the Mughal authority in Bengal. The study investigates how Sufi networks, institutions and literary expressions contributed to shaping the religious and intellectual landscape of the region within the early modern context. Drawing upon a wide range of Bengali Sufi vernacular sources – romantic stories, treatises, Pir Sahitya/Pir Katha, and Sufi songs – the research analyses how the Sufi literatures reflect upon the region's ecology, Sufi conception of love, Sufi rituals and praxis, and their contribution in the formation of Muslim community consciousness and identity. It situates Bengal's Sufi traditions within the broader Indo-Islamic world, while emphasizing their regional

specificities that arose through interaction with local cultural and ecological environments. The study further explores how Sufi discourses were adapted into the local Bengali society, thereby, facilitating the transmission of Islamic ethical and metaphysical ideas across linguistic and social boundaries. Particular attention is given to the processes of localization and inter-religious dialogue that defined the Sufi presence in rural and courtly/urban Bengal. Through this analytical framework, the dissertation argues that Sufism in Bengal was not an isolated spiritual phenomenon but an active agent in the making of early modern society, shaping cultural identities, legitimising authority, and influencing patterns of settlement and agrarian expansion. Thus, by integrating textual, spatial and socio-political perspectives, this work contributes to a nuanced historical understanding of how Sufism operated as both a religious and social force in early modern Bengal, linking the region to the wider currents of Islam in South and Southeast Asia.

Contents

1 Introduction: Rethinking sufism in Bengal 2. Situating Sufism: The political, economic, social and religious landscape of Bengal. 3. Ecology and sufi imaginations: Vernacular textual traditions and local landscapes. 4. Performing the sacred: Mapping sufi mythologies and ritual practices. 5. Mapping the sacred: Sufi ziyarat beyond Mecca 6. The lover and the beloved: Ishq, gender and desire in the sufi imaginations 7. Crafting community: Sufi literary cultures and islam in Bengal. 8. Conclusion: Beyond diffusion, entangled religiosity. Bibliography.

58. जायसवाल (अमन)
सामाजिक परिवर्तन और स्त्रियाँ : अवध के विशेष संदर्भ में (1880s-1940s) ।
निर्देशक : डॉ. रिचा राज
Th 29103

सरांश

इस अध्ययन में अवध क्षेत्र के सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक परिवर्तनों की गहराई से जांच की गई है, जो 19वीं और 20वीं सदी के दौरान ब्रिटिश शासन के प्रभाव और सामाजिक सुधार आंदोलनों के संदर्भ में उभरे। यह स्पष्ट किया गया है कि कैसे ब्रिटिश उपनिवेशवाद ने पारंपरिक संरचनाओं को चुनौती दी और महिलाओं की भूमिका में परिवर्तन लाया। 19वीं सदी के सुधार आंदोलन, जैसे सती प्रथा का उन्मूलन और महिलाओं की शिक्षा, ने सामाजिक जागरूकता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विशेष रूप से, 20वीं सदी में, महिला आंदोलनों ने न केवल राजनीतिक सशक्तिकरण की दिशा में कदम बढ़ाए, बल्कि सामाजिक न्याय और लैंगिक समानता के लिए भी संघर्ष किया। अवध की महिलाओं ने 1857 के विद्रोह से लेकर स्वतंत्रता संग्राम तक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे उनके सामाजिक और राजनीतिक अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ी। अध्ययन में यह भी देखा गया है कि कैसे विभिन्न जातियों और वर्गों की महिलाओं ने अपने अनुभवों के माध्यम से सामाजिक सुधारों में भाग लिया और सामूहिक रूप से अपनी आवाज़ उठाई। इसके अतिरिक्त, मौखिक इतिहास और व्यक्तिगत आख्यानों के माध्यम से महिलाओं के जीवन की जटिलताओं और उनके योगदान को उजागर किया गया है। इस प्रकार, यह शोध अवध क्षेत्र में महिलाओं की सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक भूमिका को समझने के लिए एक महत्वपूर्ण संदर्भ प्रदान करता है, जो न केवल भारतीय इतिहास में बल्कि समकालीन लिंग विमर्श में भी प्रासंगिक है।

विषय सूची

1. जेंडर की समझः एक ऐतिहासिक विश्लेषण 2. स्त्री शिक्षा 3. महिलाएं और वेश्यावृत्ति 4. राजनीति में स्त्रियों की भागीदारी 5. महिला श्रम एवं रोजगार। उपसंहार। सन्दर्भ – ग्रंथ सूचि।

59. यादव (अनुराग)
भारतीय राष्ट्र और हिंदी सिनेमा के अंर्तसम्बन्ध (1912-65) स्वदेशी आन्दोलन से नेहरु युग तक।
निर्देशक : प्रो. मनीषा चौधरी
Th 29107

सरांश

प्रस्तुत शोध हिंदी सिनेमा के आरंभ 1912 से लेकर 1965 तक के विस्तृत अध्ययन पर आधारित है। जहाँ सिनेमा में जेंडर,संस्कृति,हिंसा,साहित्य,राष्ट्रीय आंदोलन जैसे विषयों का विस्तृत अध्ययन किया गया है। फ़िल्मों के आरम्भ मूकयुग (1912-1930) , से लेकर ध्वनि के आगमन तथा आज़ादी के बाद के फ़िल्मों के विविध विमर्श को सम्मिलित किया गया है।जहाँ फ़िल्मों के माध्यम से समाज में महिलाओं की बदलती स्थिति ,धर्म का प्रभाव,फ़िल्मों में हिंसा का प्रयोग, फ़िल्मों के निर्माण में साहित्य का उपयोग ,तथा राष्ट्रीय आंदोलन को प्रेरित करने वाली फ़िल्मों का अध्ययन शामिल है। चूँकि सिनेमा समाज से अपनी कहानी लेता है इस क्रम में फ़िल्म उस तत्काल समय की गतिशीलता को दृश्यों के माध्यम से ज़्यादा देर सहेज कर रखता है जो उस समय के स्थिति को समझने में मदद करता है तथा यह शोध यह भी स्पष्ट करता है कि कोई भी फ़िल्म का निर्माण,किन लोगो द्वारा और क्यों किया जा रहा है और इसका क्या उद्देश्य है। इस क्रम में अपने शोध में 1912-1965 तक के समय के विविध फ़िल्मों के अध्ययन को सम्मिलित किया है। आरंभिक समय 1947 से पहले के। समय भारत में अंग्रेजों का शासन था और आज़ादी की लड़ाई तेज़ हो रही थी। ऐसे में फिल्में केवल मनोरंजन का साधन नहीं थीं, बल्कि समाज सुधार, राजनीतिक जागरूकता और कानून से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करने का भी एक मंच बन गई थीं। इस शोध में यह बताया गया है कि कैसे 1947 में भारत की आज़ादी के साथ-साथ फिल्मों की दिशा और सोच में भी बदलाव आया। आज़ादी ने फिल्मों की कहानियों, उनके बनाने के तरीकों और उनके प्रचार तक को प्रभावित किया। लेखकों और आलोचकों ने किताबों और लेखों के ज़रिए यह दिखाने की कोशिश की है कि किस तरह नई सोच ने फिल्में बनाने के पूरे तरीके को बदल दिया। 1940 और 1950 के दशक में फिल्मों ने सामाजिक आंदोलनों और देश के पुनर्निर्माण में भी बड़ी भूमिका निभाई। कई बार फिल्मों ने देशभक्ति, इतिहास, और राष्ट्रीय पहचान को दर्शाने का काम किया। इस लेख में खासतौर पर महिलाओं की आज़ादी, धार्मिक और सामाजिक सवालों, और आम लोगों की सोच को फिल्मों में कैसे दिखाया गया, इस पर भी ध्यान दिया गया है।

विषय सूची

1. हिन्दी सिनेमा और नारीवाद 2. हिन्दी सिनेमा और संस्कृति 3. हिन्दी सिनेमा और हिंसा 4. हिन्दी सिनेमा और साहित्य 5. हिन्दी सिनेमा और राष्ट्रीय आंदोलन। उपसंहार । संदर्भ ग्रंथ सूची।

HOME SCIENCE

60. CHOPRA (Shefali)
Capacity Building towards Indoor Air Quality: A Study in Schools of Delhi.
